
हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज


भोपाल, गुरुवार 5 फरवरी 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 कृषक व कृषि के अधिष्ठाता का मंदिर जर्जर होना...



09 दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे सफाईकर्मी दुकानदारों...



## खबर संक्षेप

### वनाधिकार पट्टे की 15 परिवारों ने मांग की

**खुरई।** ग्राम पंचायत बाहरपुर के तहत आने वाले बूधो गांव में 15 आदिवासी परिवार पिछले 30 साल से डेरा डाल रह रहे हैं। वह वहां पर बकरीपालन व अन्य व्यवसाय कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। परिवारों ने वन विभाग द्वारा उन्हें हटाने की बात कहते हुए। परिवारों ने शासन को आवेदन देकर पट्टा आवंटन करने की मांग करते हुए, हटाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

### टाटा प्रोजेक्ट के द्वारा जलकर के वितरण का कार्य प्रारंभ किया

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र में जलकर के बिल वितरण का कार्य टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड के कर्मचारियों द्वारा दिनांक 1 फरवरी से प्रारंभ कर दिया गया है । नागरिकगण अपने जलकर के बिल की राशि नगर निगम कार्यालय में अथवा आनलाईन ई-नगर पालिका पोर्टल के द्वारा भी जमा कर सकते हैं। टाटा प्रोजेक्ट के कर्मचारियों द्वारा जलकर बिल वितरण के समय प्रापर्टी आई.डी.आधार कार्ड, बिजली बिल, मोबाईल नं. मांगा जायेगा, नागरिकगण इन दस्तावेजों को जमा करने में सहयोग करें तथा देयक से संबंधित कोई समस्या हो तो संबंधित दस्तावेज, रसीद लेकर नगर निगम कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर होगा स्मृति आयोजन

**सागर।** एकात्म मानववाद की अवधारणा एवं अंत्योदय और राष्ट्रवाद की विचारधारा के प्रणेता पंडित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर हिन्दी साहित्य भारती महाकौशल प्रांत की सागर इकाई द्वारा स्मृति कार्यक्रम का आयोजन शैलेन्द्र जैन विधायक सागर के मुख्य आतिथ्य व वरिष्ठ गीतकार डॉ.श्याम मनोहर सिरोठिया की अध्यक्षता में दिनांक 11 फ़रवरी बुधवार को दोपहर दो बजे से घरोंदा आश्रम तिली में किया जायेगा। कार्यक्रम की प्रमुख वक्ता सुप्रसिद्ध साहित्यकार सुश्री डॉ.शरद सिंह होंगी। लेखक पीआर मलैया पुस्तक समीक्षक होंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ बुंदेली कवि बिहारी सागर की नवीन कृति 'बुंदेली माहुलिया' का विमोचन भी किया जायेगा। आयोजक संस्था हिन्दी साहित्य भारती के अध्यक्ष अम्बिका प्रसाद यादव, सचिव दामोदर प्रजापति और कोषाध्यक्ष आर के तिवारी ने समस्त प्रबुद्ध जनों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### स्वरोजगार के लिए ऋण आवेदन आमंत्रित किए

**सागर।** म.प्र.शासन की अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक उत्थान हेतु संचालित डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत जिले में बैंक के माध्यम से स्वरोजगार हेतु ऋण व शासन द्वारा ब्याज अनुदान सहायता का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना योजनांतर्गत सभी प्रकार के स्वरोजगार हेतु राशि रू. 10,000/- से 1,00,000/- रूपये तक की बैंक सहायता प्रदान की जायेगी। ब्याज अनुदान योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित जोन पर 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक नियमित ऋण भुगतान पर दिया जाएगा साथ ही नियमानुसार सी.जी. टी.एम.एस.ई. (गारंटी शुल्क) शासन द्वारा दिया जावेगा। पात्र आवेदक अनूसूचित जाति वर्ग का हो, जिले का मूल निवासी हो एवं आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य हो, शैक्षणिक योग्यता आवश्यक नहीं। दस्तावेजों में स्थायी जाति, निवास, आय, आधार, फोटो, पेनकार्ड, समग्र आई. आवश्यक होंगे। आवेदन समस्त एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किये जा रहे हैं।

---

समाज में समरसता, सशक्तिकरण बनाए रखने के लिए मानव अधिकार आयोग का प्रथम कर्तव्य

# मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन समन्वय से कार्य करें: अवधेश प्रताप सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

समाज में समरसता, सशक्तिकरण बनाए रखने के लिए मानव अधिकार आयोग का प्रथम कर्तव्य है और इसके लिए लगातार सभी जिलाधिकारी लगातार कार्य करें साथ में, मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन समन्वय से कार्य करें। उक्त निर्देश मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने सागर में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में दिए। इस अवसर पर संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी, कलेक्टर संदीप जी आर, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा, नगर निगम उपायुक्त एस एस बघेल एसडीएम अमन मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने निर्देश दिए कि मानव अधिकारों से संबंधित सभी प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया जावे एवं किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था न बिगड़े इसके लिए भी लगातार मॉनिटर रखें और संवेदनशील इलाकों में पेट्रोलिंग को बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि राजस्व रिकॉर्ड का डिजिटाइजेशन करें एवं राजस्व रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण भी किया जाए जिससे कि हितग्राहियों द्वारा मांगी गई राजस्व की नकल को समय सीमा में प्रदान किया जा सके।मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि इंदौर की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए नगर निगम, जिला प्रशासन लगातार कार्य करें एवं कुआं, हैंडपंप, पानी की टंकी सहित अन्य पेयजल के स्त्रोतों की साफ सफाई लगातार की जावे, कहीं भी लीकेज न हो इसके भी विशेष प्रयास किया जावे, लीकेज होने पर पानी दूषित होता है और इसी से बीमारियां बढ़ती हैं। उन्होंने समाज को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानव अधिकारों का संरक्षण करना मानवाधिकार आयोग का प्रमुख कर्तव्य है इसके लिए लगातार कार्य करें। उन्होंने कहा कि समाज में समस्त सशक्तिकरण के लिए मानव अधिकार आयोग के द्वारा लगातार सुनिश्चितता रखनी चाहिए एवं यह अधिकार हमारे संविधान में गारंटी रूप में प्रदान किया गया है। उन्होंने डॉगबाइट के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा की सजग सतर्क रहकर कार्य करें और मानव अधिकारों को सशक्त बनाएं। संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने संभाग के की स्थिति के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की वही कलेक्टर संदीप जी आर एवं पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल ने भी जिले के संबंध में आवश्यक जानकारी दी।



---





## शिक्षा के साथ संस्कार और संस्कृति जरूरी: राकेश

**खुरई।** नगर के तक्षशिला कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तहसीलदार डॉ. राकेश कुमार, विशिष्ट अतिथि शहरी थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह, संकुल प्राचार्य एचएन जिझौतिया एवं स्कूल संचालक संजय दुबे द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने यूपी वाला ठुमका, बुंदेली लोकगीत, तुम चले रामचंद्र रे, चांद वाला मुखड़ा और खम्मा घणी जैसे गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। मंच पर बच्चे आत्मविश्वास और कला में पारंगत दिखे। स्कूल संचालक संजय दुबे ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा और आत्मविश्वास को निखारने का कार्य करते हैं। विशिष्ट अतिथि निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने कहा कि अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। छात्र जीवन से ही नियमों का पालन करने की आदत उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाती है। वहीं संकुल प्राचार्य एचएन जिझौतिया ने ग्रामीण और शहरी प्रतिभाओं के संगम को भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत बताया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रभारी लाखन सिंह कुर्मी ने अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

---





## रहली में नगर परिषद अध्यक्ष देवराज सोनी के नेतृत्व में सफाई अभियान तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के मानकों पर खरा उतरने और नगर को सुंदर बनाने के लिए रहली नगरपालिका पूरी तरह से एक्शन मोड में है। नगरपालिका अध्यक्ष देवराज सोनी के निर्देशन में और सीएमओ धनंजय गुमास्ता के निर्देश पर नगर के विभिन्न वार्डों में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस मुहिम का उद्देश्य न केवल गंदगी को साफ करना है, बल्कि रहली को स्वच्छता रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर लाना है।

### वार्डों में पहुंच रही टीमें, दिख रहा असर

नगरपालिका की टीमें सुबह से ही सक्रिय होकर अलग-अलग वार्डों की गलियों और मुख्य मार्गों की सफाई कर रही हैं। सफाई दरोगा महेश ठाकुर ने बताया कि अध्यक्ष के स्पष्ट निर्देश हैं कि नगर का कोई भी कोना कचरे से अटा न रहे। उन्होंने जानकारी दी कि यह अभियान लगातार जारी है और कचरा संग्रहण के साथ-साथ नालियों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### प्लास्टिक मुक्त नगर का संकल्प

सफाई अभियान के साथ-साथ नागरिकों को जागरूक करने का कार्य भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। सफाई अमले द्वारा घर-घर जाकर लोगों को निम्नलिखित बातों के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक का त्यागः प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को सचेत किया जा रहा है।

### गीला और सूखा कचरा

कचरे का सही वर्गीकरण करने की समझाइश दी जा रही है। नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे कचरा डस्टबिन में ही डालें और सड़कों पर गंदगी न फैलाएं।

नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हम चाहते हैं कि रहली स्वच्छ सर्वेक्षण में अपना परचम लहराए, और इसके लिए जनता का सहयोग अनिवार्य है,हम पहले भी प्रदेश में स्थान बना चुके हे,इस बर्ष भी प्रथम आने प्रयासरत हे।₹

**देवराज सोनी**
अध्यक्ष नगर पालिका रहली

---

## किसी भी युग में ब्राह्मणों का अपमान हुआ है विनाशकारी साबित : प्रेमभूषण महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



ब्राह्मणों का आवेश करोड़ों कुलों का नाश कर देता है। इनका अपमान करने का परिणाम प्रतापी राजा प्रताप भानु ने देखा था। ब्राह्मणों का अपमान कभी भी नहीं होना चाहिए। रामजी भी वाल्मीकि मुनि से यही कहते हैं कि हमारे रहने से किसी साधु, संत, तपस्वी को क्लेश ना हो ऐसा स्थान बताइए जहां मैं जाकर रहूं। मनुष्य रूप में आए भगवान ने धरती पर ब्राह्मणों का इतना मान रखा तो आज भी इसका पालन अवश्य किया जाना चाहिए, इसी में हमारा और जगत का कल्याण है।

उक्त बातें रुद्राक्ष धाम में निर्मित भव्य कथा मंडप में सप्त दिवसीय श्री राम कथा का गायन के पांचवें सत्र में पूज्य प्रेमभूषण जी महाराज ने व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए कहीं। कथा श्रवण हेतु आज म.प्र शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल, अनेक विधायक, पूर्व विधायक, सहित विभिन्न जन प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ नेताओं का आगमन हुआ। कथा आयोजन में केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 6 फरवरी को तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 5 फरवरी को शामिल होंगे।

सरसश्रीराम कथा गायन के लिए लोक ख्याति प्राप्त प्रेममूर्ति प्रेमभूषण जी महाराज ने पूर्वमंत्री एवं वर्तमान विधायक भूपेन्द्र सिंह के पावन संकल्प से आयोजित रामकथा के क्रम में भगवान की मंगल वन यात्रा के प्रसंगों का गायन करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने भगवान श्री राम को बताया है कि जिसके पांव अनायास ही तीर्थ यात्रा में पहुंच जाएं, आप उनके मन में निवास करते हैं। श्री राम जी की कथा त्याग की कथा है। अयोध्या जी में चक्रवर्ती जी के जाने के बाद केवल राज परिवार का ही नहीं बल्कि आम जनता में भी हम जो त्याग का भाव पाते हैं वह आज अनुकरण करने योग्य है। इस कथा में भरत चरित्र सुनने के बाद हमें भगवान का प्रेम प्राप्त करने का सूत्र मिलता है। और यह सूत्र है "रामहि केवल प्रेम पियारा।"

पं प्रेमभूषण जी महाराज ने कहा कि भरत भैया इस प्रेम की साक्षात प्रतिमूर्ति हैं जो सदा प्रभु श्रीराम के कहने में रहते हैं। यही कारण है कि बार-बार प्रभु श्रीराम लोगों को यह कहते हुए देखे जाते हैं कि आप हमें हमारे भरत भैया से भी ज्यादा प्रिय हो।मनुष्य सबसे अधिक प्रेम उसी को करता है जो व्यक्ति उसके कहने में रहता है। श्री राम कथा का श्रवण करने के समय अगर हम भरत जी के चरित्र का दर्शन करते हैं तो हमें पता चलता है कि सभी भाइयों में श्री राम जी भरत जी को सबसे ज्यादा प्यार करते हैं और उन पर ज्यादा भरोसा करते हैं।

महाराज श्री ने कहा कि भगवान श्रीराम को जब भरत भैया के आगमन की सूचना मिलती है, तो वह इस बात को सोचकर निश्चिंत हो जाते हैं कि भरत भैया तो हमेशा ही मेरे कहने में ही रहते हैं इसलिए उन्हें दूसरे ही पल अपनी समस्या का समाधान भी मिल जाता है। महाराज श्री ने कहा कि सामान्य जीवन में भी वह व्यक्ति धन्य है जिसके पास कहने में रहने वाला कोई व्यक्ति मौजूद है। उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने जीवन में छीन झपट करके चाहे जितना कुछ भी इकट्ठा कर ले, लेकिन संसार की कोई वस्तु उसके साथ नहीं जाती। केवल परमार्थ, सत्कर्म और पुण्य ही साथ जाता है।

परमार्थ यात्रा के पथिक की ही कीर्ति का गायन होता है। उन्होंने बताया कि प्रवचन करने से सिद्धि प्राप्त नहीं होती है। मन, कर्म और वचन से समर्पित भाव रखते हुए प्रयत्न करने से ही भगवान की कृपा प्राप्त होती है। स्नेह बांटने से प्राप्त होता है। भगवान की भगवत्ता एक है, रूप अनेक हैं। वही राम हैं, वही कृष्ण हैं, वही शिव हैं वही भगवती हैं। भगवान के विभिन्न स्वरूप उनके भक्तों के कारण हैं। जैसे एक ही व्यक्ति किसी का पिता होता है किसी का पुत्र होता है किसी का मामा होता है किसी का साला होता है, किसी का जीजा भी होता है और किसी का फूफा होता है।

---



## गरीब की मदद करना सबसे बड़ी पूजा है : तिवारी

**गढाकोटा।** तिलक वार्ड के प्रभारी शालू रजक ने नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी को जानकारी प्रदान कि तिलक वार्ड में अत्यंत एक गरीब परिवार है जिस परिवार में महरून खान 75 वर्ष की वृध्द माता जिनकी 20 माह की पेंशन केवाईसी समस्या के कारण रूकी हुई थी तो मैनें तत्काल प्रभाव से स्टैट बैंक के मैनेजर से बात करके समस्या का निराकरण कराया उन्होंने तत्काल प्रभाव से वृध्द माता को जो सहयोग प्रदान किया उसके लिए हम सभी उनका धन्यवाद प्रकट करते है। इस गरीब परिवार में वृध्द मां के अलावा उनके 80 वर्ष के पति महबूब खान भी रहते है । जो एक समय ट्रेलर थे और अब वृध्दावस्था के कारण कोई कार्य करने में असमर्थ है दो पुत्र है जिनमें से एक पुत्र अन्नी खान विकलांग है और एक पुत्र आजाद खान विकलांग के साथ साथ मानसिक रोगी है, पति पत्नि अपनी पेंशन के बल पर ही पूरे परिवार का जीवन यापन चलाते है। तो परिवार में पहुंचकर सम्पूर्ण राशन सामग्री,सब्जी और वृध्द माताराम को उनकी 20 माह की पेंशन 10 हजार रूपए की राशि प्रदान की। हम समाज के हर व्यक्ति से यहीं विनम्र आग्रह करते है कि आप भी अपने सामर्थ्य अनुसार ऐसे परिवारों की मदद करने के लिए अवश्य आगें आए क्योंकि गरीब की मदद करना सबसे बड़ी पूजा है, क्योंकि भूखे को भोजन देना भगवान को प्रसन्न करने के बराबर है।

---

## नगर परिषद ने दुकान में डस्टबिन रखने के साथ सफाई रखने के बारे में समझाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

नगर परिषद शाहपुर में नगर परिषद अध्यक्ष देवराज सिंह लोधी के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालकिशन पटेल एवं उपयंत्री प्रांजल राय के साथ वार्ड पार्षद गणों द्वारा निकाय की टीम के साथ कार्यालय से झिरिया मंदिर तक निरीक्षण किया गया। बाजार क्षेत्र में सभी दुकानदारों को अपनी दुकान में डस्टबिन रखने के साथ सफाई रखने के बारे में समझाया गया।

जितने भी घर दुकान नाली के ऊपर है उनको तत्काल एक दिवस में हटाए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। निकाय द्वारा अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी जनमानस को स्वच्छता हेतु जागरूक किया एवं सभी से डस्टबिन रखने, कपड़े का थैला के प्रयोग एवं अतिक्रमण मुक्त शहर की ओर अग्रसर होने का आग्रह किया है। निकाय द्वारा लगातार स्वच्छता हेतु प्रयास किए जा रहे है जिसमें जनमानस का सहयोग अपेक्षित है। निकाय द्वारा कचरा करने वाले, अतिक्रमणकर्ता एवं निकाय के मुख्य स्थानों जैसे कीर्ति स्तंभ, महात्मा गांधी जी की मूर्ति वार्ड 8 क्षेत्र में गंदगी करने वाले पर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। वर्तमान में सभी को एक दिवस का समय प्रदान किया गया है। इसके उपरांत सख्त चालानी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। गतिविधि का स्वागत किया एवं स्वच्छता हेतु सहयोग प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया गया।

---

सभी पेंशन प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ समय सीमा में निराकरण करें

# इंवेस्टर मीट में अनुबंध उद्योगपतियों को समय सीमा में अनुमतियां प्रदान करें: संभाग कमिश्नर सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सभी पेंशन प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ समय सीमा में निराकरण करें, इन्वेस्टर मीट में अनुबंध उद्योगपतियों को समय सीमा में अनुमतियां प्रदान करें । उक्त निर्देश संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने मासिक समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर जॉइंट कमिश्नर राजेश शुक्ला, हेमलता पटेल, प्रमोद उपाध्याय, कमलेश सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने मासिक समीक्षा बैठक में निर्देश दिए की रीजनल इन्वेस्टर मीट में अनुबंध किए गए समस्त उद्योगपतियों को सभी अनुमति में समय सीमा में प्रदान करें एवं उनके साथ समय-समय पर पत्राचार एवं बैठक आयोजित कर कार्य में प्रगति लाएं उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग दिए गए लक्ष्य को 100% पूरा करें।

मासिक समीक्षा में एमएसएमई विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में संभाग द्वारा लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है किन्तु छतरपुर तथा दमोह द्वारा 90%लक्ष्य किया गया है। उन्हें 15दिवस में लक्ष्य प्राप्ति के लिए निर्देशित किया गया। रीजनल इंडस्ट्री कांन्क्लेव सागर तथा ग्लोबल इन्वेस्टर समिट भोपाल में प्राप्त निवेश प्रस्तावों में से अधिकतर निवेश प्रस्तावों में कार्य प्रगति पर है तथा जिन प्रस्तावों में अभी तक निवेश आरम्भ नहीं हुआ है उन प्रस्तावित निवेशकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओ का निराकरण कर शीघ्र निवेश आरम्भ करने हेतु प्रेरित करने हेतु निर्देशित किया। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में भी संभाग के समस्त ज़िलों को अधिक से अधिक प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया गया, विशेषकर दमोह तथा पन्ना ज़िलों को। तथा डीएलसीसी की नियमित बैठके नियमित रूप से आयोजित करने हेतु भी निर्देशित गया।

संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में पेंशन प्रकरणों को लंबित नहीं रहना चाहिए सभी पेंशन प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ समय सीमा में निराकृत करें उन्होंने समस्त विभाग अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि जो शासकीय सेवक सेवा निवृत्त हो रहे हैं उनके सभी आर्थिक देयको की जानकारी पूर्व से ही प्रस्तुत करें जिससे कि उनको सेवानिवृत्ति के दिन ही सभी प्रकार की देयको का भुगतान किया जा सके उन्होंने कहा कि पेंशन प्रकरणों का लंबित रहना गंभीर अनियमितता है। उन्होंने कहा कि जो विभाग अध्यक्ष समय सीमा में जानकारी प्रदान नहीं करता है उन पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जावे।

---

**आम सूचना**

मैं दिनेश कुमार तलरेजा आत्मज किशोर कुमार तलरेजा निवासी संत कंवरराम वार्ड, सागर मेरी सुपुत्री सेंट जोसफ कान्वेन्ट स्कूल में कक्षा 7वीं में पढ़ती है। स्कूल रिकार्ड में तृटिवश उसका नाम SHRISTI TALREJA मेरे द्वारा दर्ज किया गया था। जबकि आधार कार्ड में SRISHTI TALREJA अंकित हैं। तथा उसके पिता अर्थात् मेरा नाम भी त्रुटिवश मेरा DINESH TALREJA दर्ज किया गया था। जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम DINESH KUMAR TALREJA अंकित है।

अतः मेरी सुपुत्री का नाम SRISHTI TALREJA (सृष्टि तलरेजा) व मेरा नाम DINESH KUMAR TALREJA जाना जावे।

**दिनेश कुमार तलरेजा**
**9827766067**

बल्देवगढ़ स्थित प्राचीन बलदाऊ मंदिर जीर्णोद्धार के कलेक्टर ने किए प्रयास शुरू

# कृषक व कृषि के अधिष्ठाता का मंदिर जर्जर होना चिंतनीयः कलेक्टर श्रोत्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



बलराम जी को किसान और कृषि के अधिष्ठाता देवता मानते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बल्देवगढ़ स्थित बलराम जी के प्राचीन मंदिर की जर्जर हालत देखकर चिंता जाहिर की और मंदिर का जीर्णोद्धार कराने के प्रयास भी शुरू कर दिए। कलेक्टर श्रोत्रिय बल्देवगढ़ दौरे पर पहुंचे थे। इसी दौरान उक्त प्राचीन मंदिर की जानकारी मिलने के बाद दर्शन करने पहुंचे थे। तभी उन्होंने चिंता व्यक्त कर जीर्णोद्धार कराने का निश्चय लिया। इस दौरान स्थानीय अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्रोत्रिय ने मौके पर मौजूद नगरवासियो व अधिकारी कर्मचारियों से कहा कि बलराम जी, भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई है, इसके साथ ही किसान और कृषि के अधिष्ठाता देवता माने जाते हैं। बलराम जी जिस हल को धारण करते है बो केवल एक अस्त्र नहीं है, बल्कि वह धरती, परिश्रम और समृद्धि का प्रतीक है। उस हल को धारण कर बलराम जी प्रकृति के साथ संतुलन, श्रम की गरिमा और अन्नदाता के सम्मान का संदेश देते हैं। और उन्ही बलराम जी के नाम पर इस नगर का नाम बल्देवगढ़ पड़ा है। ऐसे में बल्देवगढ़ नगर में स्थित बलराम जी का प्राचीन मंदिर इस जर्जर अवस्था में होना हम सभी के लिए बेहद चिंतन का विषय है। क्योंकि यह मंदिर केवल पत्थरों की संरचना नहीं है, बल्कि इस क्षेत्र की कृषि उत्पादकता के प्रतीक का आध्यात्मिक केंद्र रहा है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि हम नगर पालिका के साथ मिलकर बलदाऊजी के मंदिर और संलग्न क्षेत्र के संरक्षण और पुनर्स्थापन का एक प्रयास शुरू करेंगे। कलेक्टर श्रोत्रिय ने आहवान करते हुए कहा कि बल्देवगढ़ के नागरिकों विशेषतः युवाओं का सहयोग इस कार्य में अपेक्षित रहेगा। चूंकि बल्देवगढ़ क्षेत्र हमारा आकांक्षी विकासखंड है। और हम समग्रता से इसको विकासोन्मुख करने की कोशिश कर रहे हैं। जिसमें मुझे पूरा विश्वास है कि बलदाऊ जी के आशीर्वाद से बल्देवगढ़ क्षेत्र की कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था, नागरिक विकास और पर्यटन के साथ फिर से उज्ज्वल और सशक्त हो उठेगी। इस दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने प्राचीन बलदाऊ मंदिर की बनावट, चित्रण का बारिकी से अवलोकन किया।

### कृष्ण बल्दाऊ जी मंदिर है आस्था का केंद्र

बल्देवगढ़ नगर अपने ऐतिहासिक किले और धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है। यहाँ का कृष्ण बल्दाऊ जी मंदिर श्रद्धालुओं के लिए एक प्रमुख आस्था का केंद्र है। बल्देवगढ़ में बलदाऊ मंदिर नगर के प्रसिद्ध किले के पास और ग्वाल सागर तालाब के ठीक सामने स्थित है। बल्देवगढ़ में किले का निर्माण 18वीं शताब्दी के अंत में लगभग 1783 ई. महाराजा विक्रमादित्य सिंह बुंदेला द्वारा करवाया गया था। इसी किले का नाम भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलराम बलदाऊ के नाम पर रखा गया है।

लगातार 3 दिनों से हो रही बिजली कटौती, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

# लगातार विद्युत कटौती से विद्यार्थी समेत दिगौड़ा क्षेत्रवासी हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




पिछले तीन दिनों से लगातार बिजली कटौती से त्रस्त दिगौड़ा क्षेत्रवासियों की कोई सुध नहीं ले रहा। बिजली कटौती की वजह से क्षेत्र के किसान, छात्र, बच्चे, बुजुर्ग सभी परेशान हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि बिजली की सप्लाई कई घंटों तक बंद बनी रहती है। कस्बा में बिजली सप्लाई की व्यवस्था नियमित रूप से बनाने के लिए बिजली केंद्र में पदस्थ अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

क्षेत्र के स्कूली छात्र छात्राओं ने बताया कि एक तरफ बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं और दूसरी तरफ क्षेत्र में कई घंटों तक लगातार बिजली की सप्लाई बंद रहती है। ऐसे में विद्यार्थियों का भविष्य चौपट हो रहा। बिजली की समस्या को लेकर ज़ब बिजली कर्मचारियों व अधिकारियों से संपर्क किया जाता है तो उनके द्वारा न तो फोन उठाये जाते हैं और न ही लोगों को कोई जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। बिजली कटौती की समस्या को लेकर लोगों ने बिजली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों सहित दिगौड़ा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व नेताओं से मांग करते हुए कहा है कि दिगौड़ा कस्बा में बिजली की नियमित तौर पर उचित व्यवस्था बनवाई जाए, जिससे छात्रों, आमजन, व्यापारियों व शासकीय कार्यालयों में परेशानी न हो। क्षेत्र के लोगों ने बताया है कि रविवार की सुबह 4 बजे बिजली की सप्लाई बंद हो गई थी। जो दोपहर 12 बजे के बाद शुरू की गई।

सोमवार की सुबह 5 बजे से बिजली सप्लाई बंद हो गई जो करीब 8 बजे चालू की गई। मंगलवार को सुबह 4 बजे बिजली चली गई थी जो दोपहर में कुछ देर के लिए आई लेकिन कुछ क्षणों में ही फिर से चली गई थी। इसके बाद शाम करीब 5 बजे क्षेत्र में बिजली सप्लाई की गई। क्षेत्र में बिजली की ऐसी व्यवस्था को लेकर लोगों में नाराजगी बनी हुई है। लगातार कई घंटों तक बिजली की कटौती होने से छात्र अपनी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी भी नहीं कर पा रहे हैं। इस समस्या को लेकर लोग कनिष्ठ अभियंता सहित अन्य बिजली कर्मचारियों को फोन लगाते हैं तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किए जाते हैं, जिससे लोगों को कोई जानकारी नहीं मिल रही है। लोगों ने बताया है कि दिगौड़ा कस्बा में बिजली से संबंधित जानकारी लेने के लिए बिजली केंद्र में पहले कॉल सेंटर था। जहां पर कॉल कर उपभोक्ताओं को जानकारी मिल जाती थी, लेकिन अब उक्त कॉल सेंटर बंद कर दिया गया है, जिसकी वजह से लोगों को बिजली संबंधी जानकारी उपलब्ध नहीं हो पा रही।

## सीएससी केंद्र पर कराएं आधार से संबंधित समस्याओं का समाधान

ललितपुर। इलेक्ट्रानिकी एवम सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की अधिकृत संस्था सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लि. द्वारा जनपद स्तर पर नई तहसील परिसर में सदनशाह रोड सिविल लाइन ललितपुर स्थापित आधार सेवा केन्द्र के माध्यम से आप बच्चो के नए आधार बनवाने के अलावा अपने आधार में बायोमेट्रिक अपडेट, नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर अपडेट इत्यादि करा सकते है। यह आधार सेवा केंद्र सप्ताह के सातों दिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुलता है। नए आधार निशुल्क बनाने के साथ साथ डेमोग्राफिक और वायोमेट्रिक अपडेट का भी शुल्क द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ही लिया जाता है। आधार सेवा केंद्र के माध्यम से लोग अपनी आधार से संबंधित समस्याओं के समाधान सुविधा जनक तरीके से करा सकते है।

# ओरछा में पीएमश्री हेलीकॉप्टर सेवा जल्द होगी प्रारंभ

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने लिखा था मुख्यमंत्री को पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी ओरछा से अब पीएमश्री हेलीकॉप्टर सेवा प्रारंभ होने जा रही है। इसको लेकर पर्यटन सचिव डॉ इलैयाराजा टी ने कलेक्टर को पत्र लिखकर ओरछा हेलीपैड पर सुरक्षा व्यवस्था, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उक्त सेवा प्रारंभ कराने के लिए भाजपा नेता विकास यादव की मांग पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखा था। जिस पर प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

पर्यटन सचिव द्वारा पत्र में उल्लेख किया गया है कि जेट सर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा हेलीकॉप्टर सेवा का संचालन किया जाएगा। यह सेवा ओरछा, चंदेरी, भोपाल रूट पर संचालित होगी। सुरक्षा व्यवस्था, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड पर आने वाले खर्च का वहन सर्विस प्रदाता एजेंसी द्वारा किया जाएगा, जबकि मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड समन्वय और आवश्यक कार्रवाई करेगा। ओरछा मंदिर में यात्रियों को



वीआईपी दर्शन हेतु प्रतिदिवस निर्धारित पास आरक्षित किये जाने हेतु मंदिर ट्रस्ट से समन्वय कर, ऑपरेटर को उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए है। उक्त टिकिट शुल्क का भुगतान मेसर्स जेट सर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नियमानुसार किया जायेगा। गौरतलब है कि ओरछा से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू कराने के लिए भाजपा नेता विकास यादव के आग्रह पर केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 9 सितंबर 2025 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर ओरछा से हेलीकॉप्टर सेवा प्रारंभ करने का अनुरोध किया था और अब मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद अब यह सेवा धरातल पर उतरने जा रही है।

### हेलीकॉप्टर सेवा प्रारंभ होने पर क्षेत्र का बढ़ेगा पर्यटन

हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होने से क्षेत्र का पर्यटन बढ़ेगा। ओरछा तक बेहतर सड़क मार्ग नहीं होने से यहां पहुंचने में विदेशी पर्यटकों को परेशानी होती थी। हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होने से विदेशी पर्यटक सीधे चंदेरी या भोपाल से हेलीकॉप्टर की सहायता से यहां आ सकेंगे। यहां आने के बाद पर्यटक यहां के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों का भ्रमण करने के बाद हेलीकॉप्टर से ही वापस चंदेरी और भोपाल जा सकते हैं। इससे क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही यहां के लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इससे क्षेत्र का विकास भी होगा।

### देश-विदेश के पर्यटकों को मिलेगा लाभ

हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होने से देश-विदेश के पर्यटकों के साथ-साथ आमजन को भी हवाई यात्रा की सुविधा मिल सकेगी, इससे ओरछा के पर्यटन को नई पहचान मिलने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि ओरछा न केवल ऐतिहासिक, धार्मिक और पर्यटन नगरी है, बल्कि यह धीरे-धीरे बॉलीवुड का भी आकर्षण केंद्र बनती जा रही है। यहां फिल्मों शूटिंग भी होती रहती है। अब तक हवाई सुविधा न होने के कारण निर्देशक, निर्माता और कलाकारों को आवागमन में असुविधा होती थी।

ताला तोड़े बिना घटना को दिया अंजाम

# छोटी सी खोह को जरिया बनाकर मंदिर से चोरी किए चांदी के जेवर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान

मंदिर के मुख्य द्वार पर छोटी सी खोह होने की वजह से मंदिर में चोरी की घटना इस प्रकार घटित की गई कि ताले को तोड़े बिना मूर्ति पर चढ़े आभूषणों को उतारकर चोरी कर लिया गया। उक्त घटना के बाद ज़ब मंदिर पुजारी मंदिर में पहुंचे तो ताला बंद होने के बावजूद भी आभूषण गायब दिखने पर पुजारी को कुछ समझ नहीं आया। तब पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस ने पड़ताल की और घटना के तरीके का खुलासा हुआ। इस दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों को भी शंका के आधार पर पकड़ा है। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

जिले के बड़ागांव थाना क्षेत्र स्थित ग्राम अंतौरा के प्राचीन वैष्णो देवी मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने मंदिर से चांदी के आभूषण और दानपेटी से नकदी चुराने की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार चोरों ने मंदिर के प्रवेश द्वार पर मौजूद खोह जैसी एक छोटी सी



जगह का फायदा उठाया। उन्होंने मंदिर का ताला तोड़े बिना लोहे की छड़ का इस्तेमाल कर माता के चांदी के आभूषणों को उतार लिया। बताया गया है कि चोरो ने करीब एक किलोग्राम चांदी के आभूषण चोरी किये है। मंदिर पुजारी रोहित मिश्रा ने बताया कि लगभग 250 ग्राम चांदी की करधनी, 250 ग्राम चांदी का यंत्र और दानपेटी से नकदी सहित कुल लगभग एक किलोग्राम चांदी के आभूषण चोरी किये गये हैं। मंदिर पुजारी मिश्रा ने तत्काल ग्रामीणों को चोरी की घटना से अवगत कराया और फिर बड़ागांव थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मंदिर परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तीन महीने के दौरान चोरी की दूसरी घटना

ग्रामीणों ने बताया कि उक्त चोरी मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को की गई है। बड़ागांव क्षेत्र में तीन महीने के भीतर चोरी की यह दूसरी बड़ी घटना है। ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। थाना प्रभारी जयंत गोयल ने बताया कि मंदिर में हुई चोरी का जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा और इस मामले में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

# कल्याण, सुविधा व विश्वास की नई शुरुआत, पुलिस केंटीन प्रारंभ

आईजी खन्ना, डीआईजी खत्री व एसपी ने फीता काटकर किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





पुलिस लाइन परिसर में 4 फ़रवरी को नवनिर्मित पुलिस केंटीन का विधिवत लोकार्पण पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन डॉ. हिमानी खन्ना एवं उप पुलिस महानिरीक्षक, छतरपुर रेंज विजय खत्री द्वारा पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा फीता काटकर किया गया।

यह पुलिस केंटीन पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों, सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारजनों के कल्याण, सुविधा एवं आर्थिक राहत को दृष्टिगत रखते हुए स्थापित की गई है, जिससे उन्हें दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं उचित दरों पर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण रूप में उपलब्ध हो सकें। पुलिस केंटीन की स्थापना हेतु 10 लाख की राशि पुलिस मुख्यालय द्वारा पुलिस कल्याण हेतु उपलब्ध कराई गई विशेष निधि से प्रदान की गई है।

इसमें से लाख 40 हजार की राशि केंटीन के निर्माण, फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक सामग्री पर व्यय की गई है, जबकि शेष राशि का उपयोग पुलिस परिवार हेतु आवश्यक सामग्री के क्रय में किया जाएगा। केंटीन में उपलब्ध राशन एवं दैनिक उपयोग की सामग्री केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार की मास्टर यूनिट, बीएसएफ टेकनपुर ग्वालियर से प्राप्त की जाएगी। सामग्री की आपूर्ति मांग के अनुरूप एवं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस केंटीन का संचालन पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं नियमबद्ध तरीके से किया जाएगा। सभी भुगतान बैंक खाता एवं यूपीआई माध्यम से किए जाएंगे, जिससे लेन-देन पूरी तरह पारदर्शी रहेगी। केंटीन परिसर में सीसीटीवी कैमरे, अग्निशामक यंत्र, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था की गई है।

केंटीन के संचालन के लिये 1 स्टाफ, 1 प्रधान आरक्षक एवं 3 आरक्षक तैनात किए गए हैं। मास्टर केंटीन से प्राप्त सामग्री का निरीक्षण राजपत्रित अधिकारी द्वारा किया जाएगा तथा सामग्री के मिलान के पश्चात ही केंटीन में आमद सुनिश्चित की जाएगी, जिससे संचालन सुरक्षित, अनुशासित एवं नियमों के अनुरूप बना रहे। पुलिस केंटीन के माध्यम से पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी एवं पात्र केंद्रीय कर्मचारी बाजार दर की तुलना में प्रत्येक सामग्री पर जीएसटी में 50 प्रतिशत तक का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल पुलिस कल्याण को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर एएसपी विक्रम सिंह,एसडीओपी राहुल कटरे सहित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

डीएम-एसपी को शिकायती पत्र

# जमीन का बैनामा होने के बाद शेष रकम न देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना मड़ावरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सौंरई में रहने वाले जुगमन पुत्र भूरा ने डीएम-एसपी को एक शिकायती पत्र दिया। बताया कि उसने रुपयों की आवश्यकता होने पर अपनी आराजी नं. 55 मी रकवा 0.121 व आराजी नं. 53 मी. रकवा 0.110 कुल किता 2 रकवा 0.231 हे. संयुक्त खाते की जमीन जो कि उसके व पत्नी के नाम थी को मड़ावरा निवासी कुछ लोगों को रजिस्टर्ड बैनामा के जरिए 9 लाख रुपये में बेचने का सौदा हुआ था।

पीड़ित ने बताया कि खरीदार ने उसे बैनामा करते समय 6 लाख रुपये चैक से दिया था एवं 3 लाख रुपये लिखित स्टाम्प लिखकर दिया था। आरोप है कि बैनामा करने के बाद उसने शेष 3 लाख रुपये मांगे तो उक्त लोगों ने उसे घर बुलाकर उक्त स्टाम्प ले लिया और रुपये देने में हीला-हवाली करने लगे। जब उसने रुपये देने की बात बार-बार कही तो उक्त लोगोंने उसे हड़काते हुए भगा दिया। आरोप है कि 26 जनवरी को वह उक्त व्यक्ति के घर रुपये मांगने पहुंचा तो उक्त लोगों ने मौके पर पुलिस बुलाकर प्रताड़ित कराया। यह भी आरोप है कि 1 फरवरी को जब वह अपनी पत्नी के साथ उक्त खेत पर गया तो उक्त लोगों ने रुपये मांगने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुये भगा दिया। पीड़ित ने डीएम-एसपी से मामले में जांच कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

एसपी मंडलोई के ऑपरेशन साइबर अंतर्गत बरामद किए गए 150 गुम मोबाइल

# आईजी खन्ना ने किए 32 लाख के गुम हुए मोबाइल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





जिले में पिछले वर्ष 2025 में गुम हुए 528 मोबाइलों को पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा संचालित ऑपरेशन साइबर के तहत खोजा गया। जिनकी कीमत 82 लाख रुपए बताई जा रही है। इनमें से 32 लाख के मोबाइल असली मोबाइल मालिकों को सौंपे जा चुके हैं। 150 मोबाइल को पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन डॉ. हिमानी खन्ना एवं डीआईजी छतरपुर रेंज विजय खत्री द्वारा बुधवार को मोबाइल मालिकों को सौंपा गया। गुम हुए अपने मोबाइल पुनः पाकर आवेदकों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। मोबाइल आवेदकों ने मोबाइल पाकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले में गुम मोबाइल फोन को खोजने के लिए संचालित जिला स्तरीय ऑपरेशन साइबर के अंतर्गत टीकमगढ़ पुलिस को निरंतर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हो रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 4 फरवरी को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिले के 150 गुम मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन डॉ. हिमानी खन्ना एवं डीआईजी छतरपुर रेंज विजय खत्री द्वारा पुलिस अधीक्षक मंडलोई की उपस्थिति में वितरित किया गया। इन मोबाइल फोनो की कुल अनुमानित कीमत लगभग 32 लाख बताई जा रही है।

### एसपी मंडलोई द्वारा संचालित ऑपरेशन साइबर की निरंतर सफलता

एसपी मंडलोई द्वारा जिले में संचालित ऑपरेशन साइबर अंतर्गत वर्ष 2025 में अब तक 528 गुम मोबाइल फोन देश के विभिन्न शहरों से बरामद कर उनके वास्तविक मोबाइल मालिकों को सौंपे जा चुके हैं। जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 82 लाख है। उक्त सभी मोबाइल फोन जिला पुलिस टीकमगढ़ की साइबर सेल एवं जिले के समस्त थानों में स्थापित साइबर हेल्प डेस्क द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से तकनीकी प्रक्रिया अपनाकर खोजे गए हैं।

### जिला पुलिस की नागरिकों से अपील कर दिए सुझाव

जिला पुलिस ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मोबाइल फोन गुम होने की स्थिति में तुरंत अपनी सिम कार्ड सेवा बंद कराएं, और नजदीकी पुलिस थाना में स्थापित साइबर हेल्प डेस्क से संपर्क करें। तथा सीईआईआर पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। ताकि गुम मोबाइल की शीघ्र बरामदगी के लिये प्रक्रिया प्रारंभ की जा सके। इस मौके पर एएसपी विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी राहुल कटरे, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, कैलाश पटेल सहित सभी थाना प्रभारी एवं पुलिस अधिकारी व कर्मचारी सहित मोबाइल आवेदक उपस्थित रहे।

### अफसर और भाजपा नेता पहुंचे हड़ताली सफाईकर्मियों को मनाने, निरर्थक रहे प्रयास

# दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे सफाईकर्मी दुकानदारों ने खुद सफाई कर जलाया कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वेतन नहीं मिलने से नाराज नपा के सफाई कर्मियों की हड़ताल बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रही। हड़ताल के कारण शहर में दूसरे दिन भी साफ सफाई नहीं हो सकी जिससे शहर के हर वार्ड में चारों ओर कचरा बिखरा दिखाई पड़ा। बाजार में कुछ दुकानदार कचरे को एकत्रित कर जलाते हुए दिखे। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खत्म करवाने के लिए भाजपा नेता और अफसरों ने धरना स्थल पर पहुंचकर सफाई कर्मचारियों को मनाने के प्रयास भी किए लेकिन यह सारे प्रयास तब निरर्थक साबित हुए जब सीएमओ आरआर यादव ने स्पष्ट बता दिया कि वह 20 तारीख के आसपास टीटी आते ही तत्काल वेतन जारी कर देंगे। लेकिन कर्मचारी तत्काल वेतन दिए जाने की मांग करते रहे।

वेतन नहीं मिलने से नाराज नगर पालिका के सफाई कर्मचारी मंगलवार को हड़ताल पर चले गए थे। इस दौरान प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे सफाई कर्मचारियों ने कलेक्टर अर्पित वर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की थी कि उन्हें हर माह निश्चित तारीख तक वेतन दिलाया जाए तीन माह का वेतन चढ़ जाता है और हम लोग वेतन के लिए प्रदर्शन करते हैं तब ही नगर पालिका वेतन जारी करती है। तीन माह से वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों के घरों में भूखे मरने की स्थिति आ गई है अधिकतर कर्मचारी बैंक से लोन लेकर अपने बच्चों के शादी ब्याह करने मकान बनाने जैसे काम करते हैं जिसकी किश्त हर माह बैंक वेतन से काट लेती है, लेकिन वेतन नहीं मिलने से बैंक हमारे ऊपर ब्याज बढ़ा रही है और हमारी सिविल भी खराब हो रही है। बिजली कंपनी भी अनावश्यक अधिभार लगाकर परेशान कर रही हैं। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने सीएमओ आरआर यादव को निर्देशित किया कि वह किसी मदद से कर्मचारियों के खातों में वेतन डलवाए और बाद में उक्त मद से ली गई राशि का समायोजन चुंगी क्षतिपूर्ति आने पर कर लिया जाए। हालांकि सीएमओ का दावा है कि उन्होंने अधिकतर कर्मचारियों को वेतन दे दिया है और जैसे ही टीटीई आएगी बाकी बच्चे कर्मचारियों के खातों में भी वेतन डाल देंगे लेकिन हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों का कहना है कि वेतन देने की बात सरासर गलत है कुछ कर्मचारियों को एक माह का वेतन दिया गया है जबकि दो माह का वेतन उन्हें देना बाकी है। सफाई कर्मचारियों को तो एक रुपया भी वेतन नहीं दिया गया है। अफसर अनावश्यक दवाब बनाकर हड़ताल समाप्त करवाना चाहते हैं।





**खुद कर रहे सफाई, जलाकर कर रहे कचरे का निस्तारण**

विगत दो दिनों से चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से पूरे शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जगह-जगह कचरा के ढेर पड़े हुए हैं नालियां ओवरफ्लो होकर बह रही हैं। कचरा गाड़ी ने वार्ड में घूमना बंद कर दिया है सबसे अधिक परेशानी तो बाजार में आ रही है दुकानों के आगे जमा कचरे के कारण ग्राहक भी दुकानों में आने से कतरा रहे हैं इससे परेशान दुकानदार अपनी दुकानों के आगे कचरा खुद साफ कर जलाते भी देखे जा रहे हैं।



**बृजराज पहुंचे धरने पर, विजय ने घर बुलाकर की चर्चा**

वेतन दिलाने की मांग को लेकर गांधी पार्क नगर पालिका के सामने टेंट लगाकर धरना दे रहे सफाई कर्मचारियों से चर्चा करने और जनहित में हड़ताल समाप्त करवाने पहुंचे पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश गर्ग ने कर्मचारियों से चर्चा करने के बाद सीएमओ यादव को धरना स्थल पर बुलाया और उन्हें किसी भी मद से कर्मचारियों के खातों में वेतन डालने के लिए मनाने का प्रयास किया लेकिन सीएमओ ने साफ बोल दिया कि सब मदो से रुपया लेकर वेतन डाल दिया गया है 40 लाख रुपए हमारे पास मछली मार्केट बनाने के लिए रखा था उससे भी कल वेतन डलवा दिया है अब सिर्फ सफाई कर्मचारियों का वेतन बाकी रहा है जो संभवतः 18 तारीख को चुंगी क्षतिपूर्ति राशि आ जाने पर इनके खातों में 20 तारीख डलवा दी जाएगी। लेकिन कर्मचारी तत्काल वेतन चाहते थे और वेतन नहीं मिलने तक हड़ताल पर बने रहने को बात बोल रहे हैं। उधर पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय ने भी हड़ताली कर्मचारियों को अपने निवास पर बुलाकर जानकारी ली और सीएमओ से वेतन संबंधित चर्चा मोबाइल पर की। इस दौरान कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में धरना स्थल पर पहुंचे जिला शहरी अभिकरण अधिकारी विजय शाक्य भी कर्मचारियों से हड़ताल समाप्त करने की बात कर गए।

**इनका कहना है**

नगर पालिका में पैसा नहीं है हमने ठेकेदारों का पेमेंट भी रोक दिया है निर्माण कार्य के लिए जो पैसा आया है उसमें से भी कर्मचारियों के खातों में वेतन डलवा दिया है कुछ कर्मचारी रह गए हैं टीटी आते ही वेतन डलवा दिया जाएगा कर्मचारियों को मनाने के प्रयास किया जा रहे हैं।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

### कार्यकर्ताओं की चेतावनी, 20 दिन में नहीं सुधरी व्यवस्थाएं तो होगा उग्र आंदोलन

# एबीवीपी का पॉलीटेक्निक कॉलेज में प्रदर्शन, प्राचार्य लापता के पोस्टर लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओ ने बुधवार को पॉलीटेक्निक कॉलेज में पहुंचकर न केवल नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया, बल्कि प्राचार्य के लापता होने संबंधी पोस्टर भी चस्पा किए। कॉलेज प्रदर्शन की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि कॉलेज के प्राचार्य अक्सर गायब ही रहते है। जिसकारण कॉलेज में विद्यार्थियों की कक्षाएं नहीं लग पा रही है। कार्यकर्ताओ ने प्रदर्शन के दौरान यह भी चेतावनी भी दे डाली कि 20 दिन के भीतर कॉलेज की व्यवस्थाए न सुधरी तो फिर उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

एबीवीपी जिला संयोजक गणेश शर्मा ने बताया कि पॉलीटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों के द्वारा निरंतर कॉलेज की व्यवस्थाओ को लेकर शिकायत की जा रही थी। विद्यार्थियों की इस समस्याओ को लेकर हम बुधवार को विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ पॉलीटेक्निक कॉलेज पहुंचे, जहां हमे भी कॉलेज प्राचार्य अनुपस्थित मिले। कॉलेज के विद्यार्थियों का कहना था कि हमने कभी कॉलेज के प्राचार्य को कॉलेज में उपस्थित नहीं देखा है। वहीं कॉलेज में किसी विषय की कक्षाएं आज तक नहीं लग सकी है। जिसकारण कॉलेज के छात्र छात्राओ को खासी परेशानी उठानी पड रही है। इन सभी समस्याओ को लेकर हमने कॉलेज के छात्र छात्राओ के साथ कॉलेज नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कॉलेज प्रशासन के द्वारा किसी भी विषय में संतोषजनक जानकारी प्रदान नहीं की। प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी के नगर मंत्री विष्णु वाल्मीक, आशुतोष मित्तल, मीनाक्षी जाटव, विशाल शर्मा, हंसराज गुर्जर, शिवम भदौरिया, मयंक मीणा, कपिल सुमन, ललित जाट, मनीष मीणा, रेशमा जाटव, नवीन गुर्जर आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दुकान न हटाए जाने पर कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

# सोंई बस स्टैंड पर चल रही अवैध शराब दुकान को हटाए प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सोंईकलां के बस स्टैंड पर चल रही शराब दुकान को कांग्रेस ने अवैध बताते हुए उसे तत्काल हटवाए जाने की मांग प्रशासन से की है। साथही दुकान जल्द न हटाए जाने की स्थिति में आंदोलन किए जाने की चेतावनी भी दी है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोंईकलां के अध्यक्ष राममिलन मीणा ने इस मामले की शिकायत कलेक्टर अर्पित वर्मा से करते हुए बताया है कि सोंईकलां के बस स्टैंड पर इन दिनों जो शराब दुकान संचालित हो रही है, वह शराब दुकान पूरी तरह अवैध है। इस दुकान के बस स्टैंड पर संचालित होने से जहां बस स्टैंड क्षेत्र के दुकानदार परेशान बने हुए है। वहीं दुकान के नजदीक हनुमान जी का मंदिर होने से धर्मप्रेमी लोगो की भावनाए भी आहत हो रही है। यह शराब दुकान जिस रास्ते पर मौजूद है, वह रास्ता आंगनवाडी केन्द्र भवन और स्वास्थ्य केन्द्र की ओर भी जाता है। जहां जाने वाले लोग इस रास्ते पर शराबियों का जमघट होने से खासे परेशान होते है। यहां पूर्व में गांधी पार्क में लगी महात्मा गांधी की प्रतिमा को भी रात्रि के दौरान खंडित किए जाने की घटना घटित हो चुकी है। जो असामाजिक तत्व की हरकत लग रही है। उस समय प्रशासन के हस्तक्षेप के चलते उक्त दुकान को बंद करवा दिया गया था, लेकिन यह शराब दुकान अब फिर से खुलना शुरू हो गई है। सोंईकलां ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मीणा का कहना है कि प्रशासन इस अवैध शराब को जल्द बंद करवाए, अन्यथा कांग्रेस को मजबूरन आंदोलन रूपी कदम उठाना पडेगा।

# भाजपा सरकार संविधान को बदलने का षडयंत्र रच रही है:कृष्ण गोपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



लोकसभा और राज्यसभा में बहुमत के बल पर भाजपा शासित केंद्र सरकार संविधान को बदलने का षड्यंत्र रच रही है। कांग्रेस इस षड्यंत्र को कभी सफल होने नहीं देगी। देश बाबा साहब के संविधान से आगे बढ़ा है और इसमें कांग्रेस किसी तरह की छेड़छाड़ स्वीकार नहीं करेगी। यह बात अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष व मुरैना-श्योपुर जिलों के प्रभारी कृष्ण गोपाल ने बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर संगठनात्मक बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने एससी विभाग के जिला अध्यक्ष के लिए रायशुमारी भी की।

श्योपुर पहुंचे एससी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष ने संगठन पर चर्चा की ओर विभाग के नए जिलाध्यक्ष के बारे में रायशुमारी की। इस मोके पर जिलाध्यक्ष मांगीलाल लाल फौजी, श्योपुर विधायक बाबू जंडेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दौलतराम किसानों कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत मीणा, ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल हमीद (भोला), संजय सुमन, राममिलन रावत, गुड्डू चौहान, दिनेश सिक्रवार पार्षद सुमेर सिंह, रामकुमार उमरेया, रामसिंह मौर्य, कुंदन जाटव, राजीव सागर, अमर लाल मीणा, हंसराज मीणा हरिओम जाटव, नवल चौबे, देवी सिंह जाटव, देविशंकर सिंह, राकेश मीणा, बिहारी जाटव नीरज चौहान अरविन्द जाट, एडवोकेट फुरकान खान, गिर्राज सिकरवार, महेश प्रजापति, सत्यनारायण प्रजापति, आदि कांग्रेस मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने किया उत्कृष्ट विद्यालय कराहल का निरीक्षण, दो को नोटिस



श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बुधवार को कराहल स्थित शासकीय उत्कृष्ट हायर सैकेण्डरी विद्यालय का निरीक्षण किया तथा अनुपस्थित एक अतिथि शिक्षक सहित एक अन्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही उन्होंने आधार अपडेशन के लिए विद्यालय में लगाये गये कैम्प का जायजा भी लिया और कार्य में तेजी लाने के निर्देश प्राचार्य को दिये। कलेक्टर द्वारा स्मार्ट क्लास एवं आईटी लैब का अवलोकन किया गया तथा बगैर सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित कम्प्युटर अतिथि शिक्षक युवराज सिंह तथा एक अन्य अतिथि शिक्षक आशीष यादव को तकनीकी दक्षता में निपुर्ण नही होने के चलते कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश प्राचार्य को दिये गये। इसके पूर्व कलेक्टर ने कन्या शाला कराहल में जेण्डर रिसोर्स सेंटर का शुभारंभ किया।

### एसआईआर में नोटिस प्राप्त करने वाले मतदाताओं ने किया हंगामा

# नहीं पहुंचे एईआरओ, अव्यवस्था की भेंट चढ़ा नो मैपिंग व तथ्यात्मक त्रुटियों का निराकरण अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वार्ड क्रमांक 22 एवं 23 में बुधवार को एसआईआर में अपना नाम गलत होने या मैपिंग नहीं होने के कारण नोटिस प्राप्त करने वाले मतदाताओं ने उसे समय हंगामा कर दिया जब वह फार्म हासिल करने के बाद जब जमा करने पहुंचे तो बीएलओ ने फार्म यह कहते हुए लेने से इनकार कर दिया कि फॉर्म लेने का काम एईआरओ का है वो ही फार्म को अपने मोबाइल से ऑनलाइन भरेगा। इस दौरान मतदाताओं ने कलेक्टर को भी कोल लगाकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया।

एसआईआर सर्वे के अनुसार जिले में एक लाख 37 हज़ार 475 मतदाताओं को निर्वाचन आयोग ने संदिग्ध माना है उनमें से नो मैपिंग में लगभग 6 हजार 300 मतदाता है, जिनमें से 2 हजार 700 की सुनवाई हो चुकी है, शेष नो मैपिंग मतदाताओं से निर्धारित दस्तावेज प्राप्त कर उनका निराकरण किया जा रहा है। इसी प्रकार लॉजीकल त्रुटि में शामिल मतदाताओं के नाम, उम्र आदि की त्रुटियों को सुधारा जायें, इसके तहत 6 तरह की विसंगतियां है तथा वंशानुगत त्रुटियों में पिता-पुत्र की आयु में अधिक या कम अंतर का होना शामिल है। इस प्रकार की त्रुटियों को मतदान केन्द्रों पर सुनवाई के माध्यम से सुधारने के निर्देश कलेक्टर अर्पित वर्मा ने दिए हैं। इसके लिए जिले में 64 एईआरओ नियुक्त किये गये है। जो मतदान केंद्र पर ही मतदाताओं को मिले नोटिस का निराकरण करेंगे। परेशानी यह हो गई कि बीएलओ ने तो नोटिस वितरण कर दिए हैं पर उक्त नोटिस का जवाब प्राप्त करने वाले कई एईआरओ मतदान केंद्र पर पहुंचे ही नहीं हैं। इसी के कारण विषय में स्थिति निर्मित हो रही है वार्ड नंबर 22 और 23 में मतदाता तो से 3 घंटे तक बैठकर घर लौट गए लेकिन उनके फार्म नहीं लिए गए और अधिक परेशानी वाली बात तो यह है कि जो नोटिस दिए गए हैं उनमें जवाब देने की तारीख 4 फरवरी लिखी हुई है।

**इनका कहना है**

मेरे नाम में त्रुटि होने के कारण मुझे नोटिस दिया गया था आज त्यौहार होने के बावजूद में पूरे 2 घंटे तक मतदान केंद्र पर बैठकर इंतजार करता रहा बीएलओ ने बताया कि अधिकारी आएंगे वहीं नोटिस का जवाब लेंगे मैने संबंधित एईआरओ को भी कोल लगाया लेकिन उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया मजबूरी में मुझे कलेक्टर साहब को अवगत कराना पड़ा।

**सैयद सलीम जावेद**
**निवासी वार्ड नं 22**

नोटिस में जो तारीख डाली गई है उस तारीख में ही जवाब दिया जाए यह जरूरी नहीं है बाद में भी लिया जाएगा काम का दबाव कर्मचारियों पर अधिक है। एईआरओ को 10 मतदान केंद्र का प्रभार होने के कारण वह सभी केंद्र पर नहीं पहुंच सके होंगे जिन्हें नोटिस जारी हुए हैं सभी के जवाब लिए जाएंगे किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

**संजय जैन**
**उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्योपुर**

### आज होगा केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्षों का प्रशिक्षण, कल बंटेगी परीक्षा सामग्री

# पांच दिन बाद शुरू होगा बोर्ड परीक्षाओं का मेला,41 हजार परीक्षार्थी होंगे परीक्षा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

आज से पांच दिन बाद जिले में बोर्ड परीक्षाओं का मेला शुरू हो जाएगा। 10 फरवरी से जहां कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू होगी, जो 35 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। वहीं 20 फरवरी से कक्षा पांचवी और आठवी की बोर्ड परीक्षा शुरू होगी। इस परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण किया जा रहा है। इन दोनो परीक्षाओं में जिले के 41 हजार 48 छात्र छात्राएं परीक्षार्थी बनकर शामिल होगे। कक्षा 10 वीं और 12 वी की बोर्ड परीक्षा के लिए जो शिक्षक केन्द्राध्यक्ष और सहायक केन्द्राध्यक्ष बनाए गए है, उनका प्रशिक्षण 5 फरवरी को कलेक्ट्रेट में कलेक्टर अर्पित वर्मा की देखरेख में आयोजित किया जाएगा। जबकि 6 फरवरी को बोर्ड परीक्षा की सामग्री का वितरण किया जाएगा।

जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने बताया कि कक्षा 12वी की परीक्षाएं 10 फरवरी से शुरू होगी, इस परीक्षा में 4 हजार 678 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार 13 फरवरी से शुरू होने वाली 10वी बोर्ड की परीक्षा में 6 हजार 701 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बोर्ड परीक्षाओं के लिए कुल 35 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। नियमित विद्यार्थियों के लिए 33 तथा स्वाध्यायी छात्रों के लिए 02 परीक्षा केन्द्र निर्धारित है। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक आयोजित होगी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष के अलावा कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही जिला एवं ब्लॉक स्तर के पैनल भी बना दिए गए है। कलेक्टर प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण बुधवार को आयोजित किया गया। वहीं केन्द्राध्यक्ष और सहायक केन्द्राध्यक्षों का प्रशिक्षण 5 फरवरी को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट में आयोजित किया जाएगा।

**उत्कृष्ट स्कूल से होगा परीक्षा सामग्री का वितरण**




बताया गया है कि 10 फरवरी से शुरू होने वाली कक्षा 10 वीं और 12 वी की बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित परीक्षा सामग्री का वितरण 6 फरवरी को जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर में किया जाएगा। इस दौरान कडे सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे। सभी परीक्षा केन्द्र वार परीक्षा सामग्री संबंधित परीक्षा केन्द्राध्यक्ष और सहायक केन्द्राध्यक्षों को प्रदाय की जाएगी और फिर पुलिस की देखरेख में उस परीक्षा सामग्री को परीक्षा केन्द्रो के संबंधित पुलिस थानो में रखवाया जाएगा। जहां से यह परीक्षा सामग्री परीक्षा वाले दिन संबंधित परीक्षा केन्द्रों पर ले जाई जाएगी।

**29669 परीक्षार्थी शामिल होगे 5 वीं,8 वीं की परीक्षा में**

10 फरवरी से जहां कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा शुरू हो रही है। वहीं 20 फरवरी से कक्षा 5 वीं और 8 वीं की बोर्ड परीक्षा आयोजित होगी। पांचवी और आठवी की इस परीक्षा में 29 हजार 669 परीक्षार्थी शामिल होगे। इनमें पांचवी के 16 हजार 942 परीक्षार्थी तथा कक्षा आठवी के 12 हजार 727 परीक्षार्थी शामिल रहेगे। जिला शिक्षा केन्द्र से मिली जानकारी के अनुसार इस परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण किया जा रहा है। परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण किए जाने के बाद परीक्षा केन्द्राध्यक्ष बनाए जाने के साथही अन्य तैयारियो को भी अंतिम रूप प्रदान किया जाएगा।

**परीक्षा से डरें नहीं, तनाव मुक्त रहें: कलेक्टर**

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बुधवार को रघुनाथपुर स्थित हायरे सैकेण्डरी विद्यालय का अवलोकन करते हुए बोर्ड परीक्षा में भागीदारी करने वाले छात्र-छात्राओं से बिना तनाव के परीक्षा में शामिल होने की अपील की है। कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा को लेकर तनाव में न आये तथा अपने रूटीन अनुसार पढाई करते हुए आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें। कूल मांइड होकर परीक्षा में शामिल हों, परीक्षा से डरें नहीं, अपनी तैयारी पूर्ण रखें और पूरे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में बैठें। ऐसा करने से सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त होगा। कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं को परीक्षाओं में बेहतर परिणाम के लिए शुभकामनाएं भी दी

**इनका कहना है**

जिले में बोर्ड परीक्षाएं 10 फरवरी से शुरू हो रही है। परीक्षा सामग्री का वितरण 6 फरवरी को किया जाएगा। बोर्ड परीक्षा के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान करते हुए सभी जरूरी सुरक्षा इंतजाम भी बोर्ड के निर्देशानुसार जुटा लिए गए है।

**एमएल गर्ग**
**डीईओ,श्योपुर**

### विजयपुर थाना पुलिस ने 10 हजार का इनामी दबोचा




श्योपुर। भैंस चोरी मामले में फरार चल रहे एक 10 हजार के इनामी को विजयपुर थाना पुलिस ने दबोचा है। विजयपुर टीआई राजन सिंह गुर्जर ने बताया कि भैस चोरी मामले में फरार बल्लो पुत्र ओतार सिंह गुर्जर निवासी निवासी बिचपुरी थाना जौरा जिला मुरैना को पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर पकडा है। जिसे न्यायालय में पेश करने के बाद पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है। बता दें कि इस आरोपी के खिलाफ अन्य थानो में अपहरण और चोरी के मामले दर्ज है। इस इनामी आरोपी को पकडने में विजयपुर टीआई के अलावा एसआई महावीर कंषाना, रामवरन सिंह तोमर, प्रआ रामवेद रावत, मनोज सिकरवार, आरक्षक राहुल गुर्जर, भगवान सिंह, बर्षाने पाण्डेय, राजेंद्र सिंह, मुकेश की अहम भूमिका रही है।

### ऑनलाइन फ्रॉड मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

श्योपुर। कियोस्क संचालक से धोखाधड़ी करने के मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि इस मामले में फरार चल रहे दो आरोपी बादशाह उर्फ नितेश उर्फ विकास मीणा निवासी किलगावंडी एवं पवन मीणा निवासी जैनी को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। इस मामले में दो अन्य आरोपियों अंकुश मीणा निवासी मातसूला एवं सुनील सेन निवासी श्योपुर को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पुरा मथाना निवासी गोवर्धन गुर्जर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वीरन और बाबू गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढिमचैली निवासी पुलिया बाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरलाल आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### 19 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत ग्राम सर्करा निवासी सोनम पुत्री गोविन्द परिहार उम्र 19 साल ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में ग्रामीण की मौत

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अतंर्गत ग्राम अचलगढ़ खरिया मोहल्ला निवासी राम सिंह पुत्र जसवंत सिंह सिक्ख उम्र 60 साल मंगल कुशवाह के मकान के सामने मृत अवस्था में मिला। संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के पिपरई थाने की पुलिस ने ग्राम मोहरी निवासी शैतानसिंह पुत्र गोकुल प्रजापति के पास से 60 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार पिपरई पुलिस ने ही ग्राम तारई निवासी दर्शन सिंह कटारिया के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की ईसागढ पुलिस ने ग्राम श्यामाटोरी निवासी शिम्मू आदिवासी के पास से 6 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। चन्देरी पुलिस ने ग्राम गोरा टांका निवासी नंदराम अहिरवार के पास 7 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### सोगरिया दानापुर एक्सप्रेस का अशोकनगर में स्टापेज दिया जाए

**अशोकनगर।** सोगरिया से दानापुर के बीच चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का अशोकनगर में स्टापेज नहीं दिया गया है। यह ट्रेन कोटा के समीप सोगरिया से चलकर बारां,रूठियाई और गुना स्टेशन पर रूकती हैं और वहां के बाद सीधा स्टापेज सागर का है। जिसके कारण इस ट्रेन से आने वाले लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। जबकि अशोकनगर जिला मुख्यालय का स्टेशन है ऐसी स्थिति में इस ट्रेन का स्टापेज न होने से यात्री परेशानी है। सेवानिवृत उपयंत्री जे.के तिवारी ने मांग की है कि इस ट्रेन का अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर स्टापेज दिया जाए। जिससे यहां के यात्रियों को इसका लाभ मिल सके।

### जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन परीक्षा 7 को होगी आयोजित

**अशोकनगर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खिरियादेवत जिला अशोकनगर में जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026-27 (कक्षा 9वीं एवं 11वीं) के परीक्षा में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 07 फरवरी 2026 को प्रातः 10.30 बजे से 1.30 बजे तक पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खिरियादेवत अशोकनगर में आयोजित की गई है। परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश का समय प्रातः 10.30 बजे रहेगा। छात्र अधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है एवं परीक्षा में प्रवेश पत्र एवं आधार कार्ड को साथ लाना अनिवार्य है। जिन विद्यार्थियों ने परीक्षा फार्म भरे है वे परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें एवं अधिक जानकारी के लिए पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अशोकनगर के परीक्षा प्रभारी रविकुमार एस. से सम्पर्क एवं नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

---

### ईसागढ़ को दी 5.68 करोड़ के सड़क और आधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स जैसे विकास कार्यों की सौगात

# चंदेरी में सिंधिया ने किया 7 करोड़ की लागत के 3 विद्युत सब स्टेशनों का शिलान्यास व लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के अशोकनगर प्रवास के तीसरे दिन क्षेत्रीय विकास, जनसुविधा और सुशासन के संकल्प को साकार करने वाला रहा। इस दौरान उन्होंने चंदेरी विधानसभा क्षेत्र में ऊर्जा और ईसागढ़ नगर में सड़क, स्वच्छता और रोजगार से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया, जिनकी कुल लागत 12.68 करोड़ से अधिक है। चंदेरी में उन्होंने 7 करोड़ की लागत के विद्युत उपकेन्द्रों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया वहीं ईसागढ़ को उन्होंने 5.68 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यह परियोजनाएँ केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि क्षेत्र के नागरिकों के जीवन को सरल, सुरक्षित और समृद्ध बनाने की दिशा में ठोस कदम हैं। उन्होंने ईसागढ़ गौरव दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विकास तब सार्थक होता है जब उसका लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।

### चंदेरी को 5400 लोगों को मिलेगा विद्युत उपकेंद्रों से प्रत्यक्ष लाभ

चंदेरी विधानसभा क्षेत्र में केन्द्रीय मंत्री ने ऊर्जा अवसंरचना को नया बल देते हुए लगभग 7 करोड़ की लागत से निर्मित और निर्माणाधीन तीन नए 33/11 केवी उपकेंद्रों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने डुंगासरा उपकेंद्र का शिलान्यास तथा भर्रोली और आरोन उपकेंद्रों का लोकार्पण किया। 2.09 करोड़ की लागत से बनने वाला 5 एमवीए क्षमता का डुंगासरा उपकेंद्र डुंगासरा, बैदई और पचबावड़ी गाँवों के लगभग 800 निवासियों को लाभ पहुँचाएगा। वहीं, 2.83 करोड़ की लागत से तैयार भर्रोली उपकेंद्र भर्रोली, मिंदपुरा, बनोरा सहित 6 गाँवों के 2,000 नागरिकों को सशक्त बनाएगा। 2.15 करोड़ की लागत वाला आरोन उपकेंद्र आरोन, भीलड़ी, पीपरीधारे सहित 15 गाँवों की 2,600 की आबादी को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराएगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि बिजली किसी भी क्षेत्र के विकास की 'जीवनरेखा' है। इन उपकेंद्रों के माध्यम से किसान निर्बाध सिंचाई कर सकेंगे, छात्र बेहतर वातावरण में अध्ययन कर पाएंगे और व्यापारिक गतिविधियाँ बिना रुकावट आगे बढ़ेंगी।

### सेवा का संकल्प और 'ज्योति' का व्रत

केन्द्रीय मंत्री सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं जब भी आपके बीच आता हूँ, अंधेरे को दूर करने के लिए ज्योति का प्रकाश साथ लाता हूँ। उन्होंने स्मरण कराया कि गत नवंबर में भी अशोकनगर को 5 उपकेंद्रों की सौगात दी गई थी, जिससे 42 गाँवों को लाभ मिला था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने देश के 17,000 से अधिक ऐसे गाँवों तक बिजली पहुँचाई है, जो आजादी के बाद से अब तक अंधकार में थे।

तत्पश्चात केन्द्रीय मंत्री ने ईसागढ़ नगर में 5.68 करोड़ की लागत से संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएँ केवल सीमेंट और पत्थर की संरचनाएँ नहीं, बल्कि ईसागढ़ के उज्ज्वल भविष्य की ठोस नींव हैं।



### शहर का सड़क नेटवर्क होगा शत-प्रतिशत पूर्ण

सिंधिया ने बताया कि 'मुख्यमंत्री अर्बन एरिया इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम' के तहत 2 करोड़ की लागत से वार्ड 1 से 15 तक बनने वाली सीसी सड़कों के साथ ईसागढ़ का सड़क नेटवर्क शत-प्रतिशत पूर्ण होगा, जिसके बाद शहर में कोई भी सड़क कच्ची नहीं रहेगी। इससे आवागमन सुगम होगा, दुर्घटनाओं का जोखिम घटेगा और दैनिक जीवन की गति बढ़ेगी। इसके साथ ही,उन्होंने कायाकल्प अभियान के अंतर्गत 1 करोड़ की लागत से बस स्टैंड से गुना मार्ग तक 600 मीटर लंबी सीसी रोड का भूमिपूजन किया, जो एक प्रभावी वैकल्पिक बायपास के रूप में कार्य करेगी और शहर को जाम की समस्या से स्थायी राहत देगी। इसके अलावा उन्होंने नाग वैली में 1.18 करोड़ की लागत से 10 आधुनिक दुकानों वाले शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का भूमिपूजन किया, जो स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोज़गार का केंद्र बनेगा। इसके बारे में सिंधिया ने कहा कि यह परियोजना न केवल व्यापारिक गतिविधियों को गति देगी, बल्कि ईसागढ़ को एक सुदृढ़ स्थानीय अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर करेगी।

### स्वच्छता और जल निकासी का स्थायी समाधान

कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय मंत्री ने एसडीएमएफ योजना के तहत 1.58 करोड़ की लागत से निर्मित आरसीसी ड्रेन का लोकार्पण किया। इसके माध्यम से शहर में जलभराव की समस्या का दीर्घकालिक समाधान सुनिश्चित होगा, जिससे स्वास्थ्य, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं में गुणात्मक सुधार आएगा।

### अतीत से प्रेरणा लेकर भविष्य के लिए समर्पण का अवसर देता है ईसागढ़ गौरव दिवस

ईसागढ़ में अपने संबोधन के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 03 फरवरी को ईसागढ़ नगर परिषद कार्यालय की स्थापना हुई थी, और यही कारण है कि यह दिन आज ईसागढ़ गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस केवल एक प्रशासनिक शुरुआत की स्मृति नहीं, बल्कि ईसागढ़ के नागरिकों की सामूहिक चेतना, सहभागिता और विकास यात्रा का प्रतीक है। नगर परिषद की स्थापना ने सुशासन, जनसेवा और स्थानीय विकास को एक नई दिशा दी, जिससे नगर निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा।

---



# शिकायत पर सिंधिया ने 1 घंटे में खेल मैदान से हटवाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने क्षेत्रीय प्रवास के दौरान युवाओं की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए खेल मैदान को अतिक्रमण से मुक्त कराया। ग्राम डूंगासरा में सब स्टेशन के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान युवाओं द्वारा दी गई शिकायत पर उन्होंने तत्काल कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए, जिसके बाद प्रशासन ने मात्र एक घंटे में मैदान से अतिक्रमण हटा दिया। इसके पश्चात सिंधिया ने हटाए गए अतिक्रमण वाले मैदान पर युवाओं के साथ क्रिकेट खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया।

---

# करैरा में सुरक्षा जवान पदों के लिए 13 बेरोजगार युवाओं का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करैरा

4 फरवरी ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला शिवपुरी एवं भारत सरकार के पसारा एक्ट अधिनियम 2005 के अंतर्गत जीडीएक्स ग्रुप, नोएडा द्वारा आयोजित भर्ती प्रक्रिया में आजीविका मिशन कार्यालय टीला रोड करैरा में सुरक्षा जवान पद पर 13 बेरोजगार युवाओं का चयन किया गया। यह भर्ती अभियान युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में आगामी भर्ती कैंप 05 फरवरी को जनपद पंचायत बीआरसी भवन बदरवास, 06 फरवरी को जनपद पंचायत कोलारस, 09 फरवरी को जनपद पंचायत पिछोर, 10 फरवरी को जनपद पंचायत खनियाधाना तथा 11 फरवरी को 26 नंबर कोठी आजीविका मिशन ब्लॉक कार्यालय शिवपुरी में आयोजित किए जाएंगे। सभी भर्ती कैंप प्रातः 11 बजे से सायं 3 बजे तक आयोजित होंगे।



इच्छुक युवाओं के लिए सुरक्षा जवान पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास, आयु 19 से 45 वर्ष, ऊंचाई 168 सेमी तथा वजन 52 से 96 किलोग्राम निर्धारित है। सुपरवाइजर पद हेतु स्नातक एवं कंप्यूटर ज्ञान, आयु 21 से 40 वर्ष, ऊंचाई 170 सेमी तथा वजन 55 से 96 किलोग्राम निर्धारित है। आवेदकों को शैक्षणिक प्रमाणपत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ संबंधित ब्लॉक सभागार में उपस्थित होकर ऑफलाइन आवेदन करना होगा। चयनित अभ्यर्थियों से 250 रुपये पंजीयन शुल्क लिया जाएगा। चयनित युवाओं को जीडीएक्स ग्रुप के प्रशिक्षण केंद्र, एनआईएमटी कैंपस में 15 दिवस का आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत प्रमाणपत्र के साथ मध्यप्रदेश के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में 18,000 से 22,000 तक मासिक वेतन पर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

इसके साथ ही पीएफ, पेंशन, बीमा, मेडिकल सुविधा, वेतन वृद्धि, प्रमोशन, लोन सुविधा तथा ड्यूटी के दौरान रियायती दर पर आवास एवं भोजन जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। अधिक जानकारी के लिए भर्ती अधिकारी के मोबाइल नंबर 9289153551 एवं 9799414022 पर संपर्क किया जा सकता है।

---



# छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया

**विज्ञान ब्लॉक में पौध रोपण का आयोजन हुआ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने एवं महाविद्यालय में हरित बातावरण तैयार करने के उद्देश्य से आज प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू खातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर के बनस्पति विज्ञान विभाग के बी एससी तृतीय वर्ष के 75 विद्यार्थियों ने आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत विज्ञान ब्लॉक में वृहद वृक्षारोपण किया।

विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के पाम, चंपा, जट्रोफा, चांदनी, कनेर, सुदर्शन, मुहहल आदि के कुल 45 पौधों का रोपण किया। विद्यार्थियों द्वारा रोपित किये गये पौधों की फाइल भी तैयार की जायेगी जिसमें पौधे से जुडी जानकारी जैसे सामान्य नाम, वानस्पतिक नाम, फैमिली, उपयोग आदि की जानकारी संधारित की जायेगी। इस गतिविधि से विद्यार्थियों को पौधों के विषय में जान प्राप्त होगा। इस गतिविधि का संचालन डॉ अनसिंष चैहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रेनू राजेश ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के महत्व के विषय में समझाया। कार्यक्रम में वनस्पति विज्ञान विभाग के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

---

### रघुंवशी समाज ने रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा

# राजपूत बोर्डिंग हाउस में कब्जे का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




अखिल भारतीय अखण्ड रघुवंशी क्षत्रिय महा परिषद ने रघुवंशी राजपूत बोर्डिंग हाऊस में कब्जे का आरोप लगाया और ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एक रैली भी निकाली गई। जिसमें शामिल जनों ने सामुहिक रूप से नायब तहसीलदार शम्भू सिंह मीना को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि गांधी पार्क के पास अशोकनगर हेतु भूमि स्टेट के समय महाराज साहब के पूर्वजों के निर्देश पर म्यूनिसपालटी पछार वर्तमान नगरपालिका अशोकनगर तामील हुक्म नंबर 19518 दिनांक 21-06-1941, बोर्ड नम्बर 74 दिनांक 20-06-1941, नंबर शुमार 329 मिसल नंबर 328/91 म्युनिसपालटी पाछार वर्तमान अशोकनगर वर्तमान भूमि सर्व क्रमांक 1043 1044 वार्ड क्रमांक 18 में गांधी पार्क के पास स्थित है दी गई थी। इस भूमि पर समाज के ही कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है जिससे छात्रावास का संचालन नहीं हो पा रहा है। समाज द्वारा पहले भी कब्जा हटाने के प्रयास किए गए है। रघुवंशी राजपूत समाज द्वारा बैठके आयोजित कर समाज जनों से कब्जा हटाने हेतु रघुवंशी राजपूत बोर्डिंग हाउस अन्तर्गत रघुवंश शिक्षा परिषद अशोकनगर द्वारा दिनांक 05/01/2026 को पत्र जारी कराये गये जिसके पालन में समाज की समझाइस पर राजकुमार रघुवंशी, खजुरिया कला द्वारा बगैर पत्र के ही रघुवंशी राजपूत बोर्डिंग का कार्यालय कक्ष समाज को सौंप दिया गया तथा समाज जनों की समझाइस पर ज्ञानवीर सिंह रघुवंशी पुत्र कमलसिंह रघुवंशी ग्राम पुर्ण एवं सुनील सिंह रघुवंशी पुत्र रणवीर सिंह रघुवंशी ग्राम कडेसरा द्वारा दिनांक 10/01/2026 को रघुवंशी राजपूत बोर्डिंग हाउस परिसर स्थित कक्ष को रघुवंश शिक्षा परिषद को सौंप दिये गये, परन्तु राव सतीश सिंह रघुवंशी, रघुवीर सिंह रघुवंशी, गजराज सिंह रघुवंशी, देवेंद्र सिंह रघुवशी पर उक्त भूमि पर कब्जा करने का आरोप ज्ञापन में लगाया गया है।

इस कारण छात्रावास का संचालन नहीं हो पा रहा है। बार-बार समाझाने के बाद भी भूमाफियाओं द्वारा बोर्डिंग हाउस परिसर स्थित कक्षों को खाली कर कब्जा नहीं छोड़ा जा रहा है। कब्जा घारी अत्यन्त चालाक एवं अपराधी प्रवृत्ति के हैं जिसके कारण समाज में भय व्याप्त है। सतीश रघुवंशी पर कईं गंभीर धाराओं में मामले दर्ज होने की बात की गई है। इस तरह के कईं आरोप ज्ञापन में लगाए गए हैं। इस दौरान मांग की गई है कि उक्त स्थान से कब्जाधारियों को हटाया जाए, ताकि वहां छात्रावास का संचालन किया जा सके।

### सतीश सिंह ने 5 लाख रुपए देने की घोषणा की

अखिल भारतीय अखण्ड रघुवंशी क्षत्रिय महा परिषद द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में राव सतीश सिंह ने नाम का उल्लेख कईं आरोपों के साथ किए जाने के बाद राव सतीश सिंह रघुवंशी द्वारा कहा गया कि उनके ऊपर पूरे देश भर के किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण दर्ज नहीं है, यदि कोई भी उनके ऊपर न्यायालय में प्रकरण की बात बता दे तो वह 5 लाख रूपए देने के लिए तैयार हैं। उन पर जो आरोप लगाए गए हैं वह पूर्ण तरह से निराधार हैं।

---

# ज्योतिरादित्य सिंधिया के विशेष प्रयासों से करैरा में नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर

**जनसेवा की मिसाल बना रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दिनारा

आमजन को उन्नत और निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन शिवपुरी के अंतर्गत एक निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर मध्यप्रदेश शासन, श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन, रोटरी ग्वालियर एवं रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3053 के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। यह जनकल्याणकारी स्वास्थ्य अभियान जनप्रिय केंद्रीय मंत्री श्रीमंत महाराजा ज्योतिरादित्य सिंधिया के विशेष प्रयासों और मार्गदर्शन से साकार हो रहा है, जिनका संकल्प है कि समाज का अंतिम व्यक्ति भी श्रेष्ठ चिकित्सा सुविधाओं से वंचित न रहे।

आयोजकों द्वारा जानकारी दी गई कि यह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर विधानसभा करैरा क्षेत्र में उपस्वास्थ्य केंद्र दिनारा पर आयोजित किया जाएगा। शिविर निर्धारित तिथि को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित रहेगा, जिसमें क्षेत्र के नागरिकों को विशेषज्ञ चिकित्सीय सेवाएं निःशुल्क प्रदान की जाएंगी।



इस अवसर पर जानकारी देते हुए कपिल तिवारी (पंडा), कोषाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी शिवपुरी, ने बताया कि उक्त शिविरों में जांच के दौरान चिन्हित मरीजों को शिवपुरी लाकर आगे भोपाल, इंदौर, मुंबई, चंडीगढ़, अहमदाबाद एवं दिल्ली एम्स के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा गंभीर एवं जटिल बीमारियों का उपचार एवं आवश्यक ऑपरेशन कराए जाएंगे। यह सम्पूर्ण उपचार प्रक्रिया मरीजों के लिए निःशुल्क रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि शिविर के माध्यम से दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे, जिससे वे आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। यह पहल न केवल इलाज तक सीमित है, बल्कि मानवीय संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी सशक्त उदाहरण है। शिवपुरी जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव एवं कपिल तिवारी (पंडा) ने श्रीमंत महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाएं ग्रामीण और जरूरतमंद तबके तक प्रभावी रूप से पहुंच रही हैं उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक लोग इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ लें और इस जनसेवा अभियान को सफल बनाएं। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर स्वास्थ्य, सेवा और समर्पण की त्रिवेणी है, जो यह सिद्ध करता है कि जब प्रशासन, सामाजिक संगठन और जनप्रतिनिधि एकजुट होते हैं, तो जनकल्याण के असाधारण परिणाम सामने आते हैं।